NCERT SOLUTIONS

CLASS - 6TH



aglasem.com

Class : 6th

Language : Hindi

Subject : Social-Science-History

Chapter : 7

Chapter Name : अशोक: एक अनोखा सम्राट जिसने युद्ध का त्याग किया

Book Name : हमारे अतीत

Q1 मौर्य साम्राज्य में विभिन्न काम-धंधों में लगे हुए लोगों की सूची बनाओ।

Answer. मौर्य साम्राज्य में विभिन्न काम-धंधों में लगे लो

- ➔ किसान
- ➔ पशु पालक
- ➔ सरकारी अधिकारी
- ➔ शिल्पकार
- ➔ व्यापारी
- ➔ संदेशवाहक
- ➔ जासूस
- ➔ शिकारी।

aglasem.com

Page: 74 , Block name : आओ याद करें (short answer questions)

Q2 रिक्त स्थानों को भरो :-

(क) जहाँ पर सम्राटों का सीधा शासन था वहाँ अधिकारी _____वसूलते थे।

(ख) राजकुमारों को अक्सर प्रान्तों में _____ के रूप में भेजा जाता था।

(ग) मौर्य शासक आवागमन के लिए महत्वपूर्ण _____ और _____ पर नियंत्रण रखने का प्रयास करते थे।

(घ) प्रदेशों में रहने वाले लोग मौर्य अधिकारियों को _____ दिया करते थे।

Answer.

(क) कर

(ख) गवर्नर(राज्यपाल)

(ग) मार्गों, नदियों

(घ) नजराना

Page : 74-75 , Block name : आओ याद करें (very short answer questions)

Q3 बताओ कि निम्नलिखित वाक्य सही है या गलत।

(क) उज्जैन उत्तर-पश्चिम की तरफ आवागमन के मार्ग पर था।

(ख) आधुनिक पाकिस्तान और अफ़गानिस्तान के इलाके मौर्य साम्राज्य के अंदर थे।

(ग) चन्द्रगुप्त के विचार अर्धशास्त्र में लिखे गए हैं।

(घ) कलिंग बंगाल का प्राचीन नाम था।

(ङ) अशोक के ज़्यादातर अभिलेख ब्राम्ही लिपि में हैं।

Answer.

(क) गलत

(ख) सही

(ग) सही

(घ) गलत

(ङ) सही

Page: 75 , Block name : आओ याद करें (very short answer questions)

aglasem.com

Q4 उन समस्याओं की सूची बनाओ जिनका समाधान अशोक धम्म द्वारा करना पड़ता था।

Answer.अशोक के साम्राज्य में निम्नलिखित समस्याएं थी :-

- अलग-अलग धर्म को मानने वाले लोगों के बीच में आपसी झगड़े।
- परिवार और पड़ोसियों के बीच के आपसी झगड़ो को सुलझाना।
- जानवरों की बलि और उनको कष्ट देना।
- दासों और नौकरों के साथ बुरा व्यवहार किया जाना ।

अशोक उपरोक्त सम्सयायों का समाधान धम्म द्वारा करना चाहते थे ।

Page : 75 , Block name : आओ चर्चा करें (short answer questions)

Q5 धम्म के प्रचार के लिए अशोक ने किन साधनों का प्रयोग किया?

Answer. अशोक ने धम्म प्रचार के प्रचार के लिए निम्नलिखित प्रयास किये :-

➔ उन्होंने धम्म महामात्त की नियुक्ति की जो विभिन्न स्थानों पर जाकर शिक्षा देते थे।

➔ विदेशों में धम्म के विचारों को प्रसारित करने के लिए प्रतिनिधियों को प्रचार के लिए भेजा।

➔ अशोक ने धम्म के संदेश को कई स्थानों पर शिलाओं और स्तंभों पर खुदवाए।

➔ अशोक कुछ अधिकारियों को नियुक्त करते थे ,जो शिलाओं और स्तंभों पर लिखे सन्देश को संदेश को उन लोगो को सुनाते थे,जो लोग पढ़ नही सकते हैं।

इस प्रकार अशोक ने धम्म का व्यापक प्रचार किया।

Page: 75 , Block name : आओ चर्चा करें (long answer questions)

Q6 तुम्हारे अनुसार दासों और नौकरों के साथ बुरा व्यवहार क्यों किया जाता था? क्या तुम्हें ऐसा लगता है कि सम्राट के आदेशों से उनकी स्थिति में सुधार हुआ होगा? अपने जवाब के लिए कारण बताओ।

Answer. दासों और नौकरों के साथ बेहद बुरा व्यवहार किया जाता था क्योंकि वे युद्ध में गुलाम बनाये गए होते थे। और उन्हें अपनी बात कहने का कोई अधिकार नही होता था जिसका फायदा मालिक उठाते होंगे और उनके साथ बुरा व्यवहार किया जाता होगा ।

aglasem.com

सम्राट अशोक के आदेशों से दासों की स्थिती में सुधार आया होगा क्योकि अशोक न महसूस करता था दासों की स्थिति सुधारना उसका कर्तव्य है, और धम्म की मदद से दासों की समस्याओं का समाधान करने का प्रयास किया। लोगों में जागरूकता फैलाई तथा दासों के साथ बुरा बर्ताव रोकने के लिए जासूस भी नियुक्त किये। इस सब प्रयासों से निश्चित ही सुधार हुआ होगा।

Page: 75 , Block name: आओ चर्चा करें (long answer question)

Q7 रौशन को यह बताते हुए की हमारे रुपयों पर शेर क्यों दिखाए गए हैं एक पैराग्राफ लिखो। कम से कम एक और चीज़ का नाम लो जिस पर इन्हीं शेरों के चित्र बने हैं।

Answer. हमारे रुपयों पर बने शेर के चित्र का एक लंबा इतिहास है जिसका एतहासिक महत्व है। महान सम्राट अशोक के राज्य के दौरान चार शेरों की मूर्ति पत्थरों को काटकर बनाई गई थी और फिर उन्हें सारनाथ में एक विशाल स्तंभ पर आज भी सुरक्षित है और भारत के गौरवशाली इतिहास का प्रतीक है ।

यह चित्र हम रुपयों-सिक्कों में तथा भारत सरकार के द्वारा प्रयोग किए जाने वाले सभी दस्तावेज़ों, पत्रों तथा स्टाम्प पेपर पर देख सकते हैं।

Page: 75 , Block name : आओ करके देखें (long answer question)

Q8 अगर तुम्हारे पास अपना अभिलेख जारी करने की शक्ति होती तो तुम कौन-सी चार राजाज्ञाएँ देते?

Answer. निम्लिखित चार राजाज्ञाएँ :-

- ➔ दास प्रथा समाप्त की जाएगी ।
- ➔ सभी धर्मों का सम्मान किया जाएगा।
- ➔ शिक्षा सभी के लिये सुलभ होगी ।
- ➔ जानवरों और पशुओं की हत्या नही की जाएगी।

Page: 75 , Block name : आओ करके देखें (long answer questions)

aglasem.com